डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब0/480/2025 दिनांक : 31/10/2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालय,
डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषयः–शिक्षक एवं प्रबन्ध समिति अनुमोदन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक यह अवगत कराना है कि समस्त बी0एड0 महाविद्यालयों के द्वारा विश्वविद्यालय में इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया था कि शिक्षक एवं प्रबन्ध समिति अनुमोदन सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण कर पत्रावली एक माह के भीतर अनुमोदनार्थ विश्वविद्यालय में प्रस्तुत कर दी जायेगी, किन्तु अद्यतन तक अधिकांश महाविद्यालयों के द्वारा इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं की गयी है, जो कि अत्यन्त अनुचित एवं उपेक्षणीय है।

अतः निदेशित किया जाता है कि आपके महाविद्यालय द्वारा शिक्षक एवं प्रबन्ध समिति अनुमोदन सम्बन्धी समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण कर अधिकतम 15 दिवस के भीतर पत्रावली विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाएं, अन्यथा विश्वविद्यालय को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रभारी–कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. प्रभारी विश्वविद्यालय बेवसाइट को इस आशय से कि सूचना का विश्वविद्यालय की बेवासाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
3. अधिकृत एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को बी0एड0 महाविद्यालयों की लॉगिन में अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisvlett